जबसे साथी बना मेरा तू दिलदार सांवरिया भजन लिरिक्स

जबसे साथी बना मेरा,
तू दिलदार सांवरिया,
उजड़ा चमन मेरा हुआ,
गुलज़ार सांवरिया,
उजड़ा चमन मेरा हुआ,
गुलज़ार सांवरिया।**bd।**

तर्ज – दिल दीवाने का डोला।

सच कहती है ये दुनिया,
तुम हो हारे के सहारे,
बिन पानी जो नैया को,
भव सागर पार करा दे,
मेरी डूबती नैया का,
तू खेवन हार सांवरिया,
उजड़ा चमन मेरा हुआ,
गुलज़ार सांवरिया।**bd।**

करुणाकर करुणा करते,
झोली भक्तों की भरते
चाहे कैसी हो दु:ख परेशानी,
तुझे देख के वो भी डरते,
मुझे हर पल तेरी रहती,
दरकार सांवरिया,
उजड़ा चमन मेरा हुआ,
गुलज़ार सांवरिया।**bd।**

तेरे एहसानो की कीमत,
ना कभी चूका पाऊंगा,
तेरी कृपा से अपनी,
झोली भरता जाऊँगा,
'रूबी रिधम' का बस एक तू ही,
रिश्तेदार सांवरिया,
उजड़ा चमन मेरा हुआ,
गुलज़ार सांवरिया।**bd।**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जबसे साथी बना मेरा,
तू दिलदार सांवरिया,
उजड़ा चमन मेरा हुआ,
गुलज़ार सांवरिया,
उजड़ा चमन मेरा हुआ,
गुलज़ार सांवरिया।bd।

Singer – Indu Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com